# B.A I I$^{St}$ Paper (MCQ)/II$^{nd}$ Paper

(1) पूर्वमध्यकाल नाम किस काल को और किसने दिया–भक्तिकाल (रामचन्द्रशुक्ल)
(2) भक्ति काल का समय –1375 से 1700 स़म्बत् तक
(3) मीरा की कृतियाँ–स्फुट पद। स्फुट पद **मीरा की पदावली** नाम से प्रकाशित है।
(4) हिन्दी साहित्य का प्रथम इतिहास फ्रेंच भाषा में 'गार्सा द तासी' ने लिखी
(5) मीरा का गुरू रैदास को माना जाता है।
(6) बल्लभाचार्य के अनुयायी पुष्टि मार्गीय कहे गये।
(7) कबीर की उलट बासियों पर सिद्धों नाथों का प्रभाव माना जाता है।
(8) 'माया दीपक नर पतंग भ्रमि भ्रमि इवै पंडंत' के रचयिता कबीर हैं
(9) संतों भाई आई ज्ञान की ऑधी........कबीर ने लिखा हैं।
(10) कबीर का अर्थ 'महान' है।
(11) कबीर का जन्म लहरतारा में तथा मृत्यु मगहर में हुई।
(12) मीराबाई का जन्म राजस्थान के मेड़ता में हुआ था।
(13) भूषण रीतिकाल के ऐसे कवि हैं जिन्होने वीररस का काव्य रचा।
(14) भूषण ने छत्रपति  शिवाजी की वीरता, दयालुता के गुणों को उभारा है।
(15) भूषण के काव्य की भाषा ब्रज हैं
(16) उत्तर मध्यकाल रीतिकाल को कहा गया है
(17) बिहारी राजा जयसिंह के आश्रय में थे।
(18) बिहारी का जन्म ग्वालियर में हुआ।
(19) **प्रेम के पीर** का कवि घनानंद को कहते हैं।
(20) रीतिकाल की भाषा ब्रज है। इस काल में रीति बद्ध कवियों ने
श्रृँगारिक काव्य रचा गया
नखशिख वर्णन हुआ है
कृत्रिम लेखन है, अलंकारो का अधिक प्रयोग है रीति के काव्य संबंधी नियमों का पूर्ण पालन हुआ है।

(21) रीतिमुक्त काव्य की प्रवृत्तियाँ–

–रीतिकालीन काव्य नियमों से हटकर काव्य लेखन हुआ।

–स्वाभाविक लेखन हुआ है।

–अलंकारों का अनावश्यक प्रयोग नहीं हुआ।

–व्रजभाषा का प्रयोग हुआ है।

(22) आदिकाल को रामचंद्र शुक्ल ने वीरगाथा काल कहा।